सोन-गोपद नदी उफान पर, 64 गांवों पर नजरें

बाणसागर से पानी छोड़े जाने के बाद प्रशासन सतर्क, नदी किनारे बसे इलाकों में बढ़ाई निगरानी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 अगस्त। चितरंगी क्षेत्र में घनघोर बारिश के साथ बाणसागर परियोजना के सात गेट खोले जाने के बाद सोन नदी में पानी बढ़ने लगा है। लगातार बढ़ते जलस्तर ने चितरंगी विकासखंड के नदी किनारे और निचले इलाकों में चिंता बढ़ा दी है। करीब 64 गांव संभावित बाढ़ की चपेट में आने वाले क्षेत्रों में



बताए जा रहे हैं। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने मैदानी अमले को सक्रिय कर दिया है।

सोन नदी के बढ़ते जलस्तर पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें लगातार नजर रख रही हैं। नदी के आसपास बसे गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। लोगों से नदी, नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचने के साथ बच्चों और मवेशियों को भी सुरक्षित रखने की समझाइश दी जा रही है। जलभराव वाले संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती कर आवागमन पर निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन का पूरा फोकस किसी भी अप्रिय स्थिति से पहले आवश्यक इंतजाम करने पर है। इधर एसडीओपी ललित बैरागी एवं तहसीलदार ने संवेदनशील एवं प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस टीम को लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि

एसडीओपी व तहसीलदार ने गांवों का किया दौरा

चितरंगी तहसील के तराई अंचल में सोन एवं गोपद नदी का जलस्तर बढ़ने एवं उफान पर आने पर तहसीलदार एवं एसडीओपी ने अन्य राजस्व अमले के साथ दौरा कर जायजा लिया। द्वय अधिकारियों ने चितावल एवं लोहंदा गांव पहुंच लोगों को सतर्क रहने के लिए भी कहा है। वहीं राजस्व एवं पुलिस टीम को तैनात कर नजर रखने के लिए निर्देशित किया है।

जिले में अब तक 885 मिमी हुई बारिश, पड़ेर नाला उफान पर

जिले में पिछले तीन दिनों से बारिश ने आफत ला दी है। कई नदी-नाले जहां उफान पर हैं, वहीं जिले में अब तक 885 मिमी बारिश दर्ज हुई है। आज 31 अगस्त की सुबह तक जिले में औसतन 54 मिमी बारिश हुई है। आंकड़ों के मुताबिक सिंगरौली जिले में अभी तक कुल 1061, देवसर में 863, चितरंगी 870, सरई में 1003 एवं माड़ा तहसील क्षेत्र में 625 मिमी बारिश दर्ज की गई है। आज रविवार को सिंगरौली में 18.3, देवसर में 83, चितरंगी 64, सरई 60 एवं माड़ा तहसील में 47 मिमी बारिश हुई है। बारिश का असर चितरंगी क्षेत्र में दिखा है, जहां लोहंदा ग्राम पंचायत के पड़ेर नाला उफान पर होने से आवागमन को बंद करा दिया गया है। मौके पर राजस्व एवं पुलिस अधिकारी पहुंच बैरिकेट लगा दिया है, ताकि आवाजाही पूरी तरह से बंद है और अप्रिय घटना को रोका जा सके।

खेतों में पहुंचा सोन एवं गोपद नदी के बाढ़ का पानी

सोन एवं गोपद नदी में आये बाढ़ का असर भी दिखने लगा है। आलम यह है कि तहसील क्षेत्र चितरंगी के खैरा गांव के सोन नदी किनारे के खेतो में बाढ़ का पानी पहुंच जाने से खरीफ फसलो में मक्का, ज्वार, अरहर एवं तिलहनी में तिल के फसलों को नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आज सोमवार की दोपहर के बाद से बाढ़ का पानी खैरा गांव के कई किसानों के खेतो में पहुंचा हुआ है।

गोंदवाली स्कूल में हादसे का खतरा दरारों के बीच अध्ययन कर रहे बच्चे

जर्जर भवन की दीवारें और छत बनीं चिंता का कारण

नवभारत न्यूज

चितरंगी 31 अगस्त। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोंदवाली का जर्जर भवन इन दिनों विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। स्कूल की दीवारों और छत में गंभीर दरारें दिखाई दे रही हैं।

कई स्थानों पर प्लास्टर उखड़ चुका है, जबकि दीवार और छत के बीच का जोड़ भी खुलता नजर आ रहा है। बारिश के मौसम में भवन की स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। स्कूल परिसर की हालिया तस्वीरों में भवन की दीवारों में पड़ी गहरी दरारें साफ दिखाई दे रही हैं। कुछ हिस्सों में निर्माण सामग्री और सरिया तक नजर आ रहा है। ऐसे में कक्षाओं में बैठकर पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से भवन की मरम्मत की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक ठोस पहल नहीं हुई। अभिभावकों में भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर भय का माहौल है।

एक नजर में

बरगवां पुलिस ने दुधमनिया में आयोजित किया जन चौपाल

सिंगरौली। पुलिस और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जन चौपाल अभियान के तहत बरगवां एसडीओपी रोशनी कुर्मी द्वारा थाना क्षेत्र के दुधमनिया स्थित प्रणामी मंदिर परिसर में जन चौपाल एवं शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एसडीओपी रोशनी कुर्मी व थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल पटेल ने ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और आयोजन से जुड़े लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा जन्माष्टमी पर्व को लेकर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं पर चर्चा की। जन चौपाल में ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के साथ कानून व्यवस्था से जुड़े मुद्दे भी पुलिस के सामने रखे। पुलिस अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों में मौके पर ही आवश्यक समझाइश दी।

प्रशिक्षु आईएएस ने एसडीएम का पदभार संभाला

देवसर। देवसर अनुविभाग में नवागत एसडीएम एवं प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी डॉ. सुशीर श्रीकृष्णा श्रीराम ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के पद का कार्यभार ग्रहण किया। निवर्तमान एसडीएम सौरभ मिश्रा ने कार्यालय पहुंचकर उन्हें विधिवत पदभार सौंपा। पदभार ग्रहण करने के बाद उपखंड कार्यालय एवं तहसील कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नवागत एसडीएम का स्वागत करते हुए उन्हें नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। पदभार संभालने के बाद डॉ. श्रीराम ने उपखंड एवं तहसील कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका परिचय प्राप्त किया तथा उनके दायित्वों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने तत्काल अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर कार्यालयीन कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

कोल वाहनों में भिड़ंत, हादसा टला

सिंगरौली। बरगवां थाना क्षेत्र के दो कोल वाहन टकरा गये। हालांकि एक बड़ा हादसा टल गया। रोड के धसकने एवं सकरी होने का हादसा का कारण बताया जा रहा है। हालांकि दोनों वाहन चालक बाल-बाल बच गये। जानकारी के अनुसार बंधा में साइड लेते समय दो कोल वाहन आपस में टकरा गए। जहां बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बताया जा रहा है कि सड़क दबने और संकरी होने के कारण साइड लेने के दौरान यह हादसा हुआ। यह घटना आज दिन सोमवार की शाम की है।

राजासरई में अनियंत्रित कार खाई में गिरी

सिंगरौली। बरगवां-बैढ़न मार्ग के राजासरई में आज एक तेज रफ्तार कार खाई में गिर गई। गनिमत रही कि इस हादसे में कार में सवार लोग बाल-बाल बच गये। घटना आज सोमवार की दोपहर के वक्त की है। जानकारी के अनुसार एक कार बरगवां मुख्य मार्ग से बैढ़न की ओर तेज रफ्तार में आ रही थी कि राजासरई में सड़क से नीचे चली गई। कार वाहन में सवार तीनों लोग को मामूली चोटे आई और इस दौरान बड़ा हदसा भी टल गया।

सेवाकाल संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और प्रतिबद्धता का प्रमाण है : पंचमन

हिंडालको महान में दो वरिष्ठ अधिकारियों की भावभीनी विदाई

नवभारत न्यूज

बरगवां 31 अगस्त। हिंडालको महान में लंबे एवं समर्पित सेवाकाल के बाद सेवानिवृत्त हो रहे वरिष्ठ अधिकारियों संजय चतुर्वेदी एवं राजेश पाल के सम्मान में शीर्ष प्रबंधन द्वारा भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उनके योगदान, कार्यशैली, अनुभव और सहकर्मियों के साथ आत्मीय संबंधों को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। संजय चतुर्वेदी ने वर्ष 1986 में आदित्य बिरला समूह में ट्रेनी इंजीनियर के रूप में अपनी सेवा यात्रा शुरू की और लगभग 40 वर्षों तक संगठन को सेवाएं दीं। उन्होंने ऑपरेशंस, मेंटेनेंस, प्रोजेक्ट्स एवं मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं राजेश पाल ने 4 मार्च 1992 को आदित्य बिरला समूह के साथ अपनी सेवा यात्रा शुरू की और लगभग 34 वर्षों तक संगठन को अपनी सेवाएं दीं। इस अवसर पर इकाई प्रमुख लिनु पंचमन ने कहा कि दोनों अधिकारियों का लंबा सेवाकाल संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि उनके अनुभव, नेतृत्व और कार्य के प्रति समर्पण की कमी संस्था को महसूस होगी। स्मेल्टर हेड एसशशि कुमार ने दोनों अधिकारियों की तकनीकी दक्षता, अनुशासन और टीम भावना की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने अनुभव से कार्यस्थल पर सकारात्मक कार्यसंस्कृति को मजबूत किया। समारोह में रोहित मतेती, गौरव वर्मा, निर्देश कुमार, रंधीर वत्स सहित अन्य मौजूद रहे।

महिला के साथ दुराचार अपराध पंजीबद्ध

सिंगरौली 31 अगस्त (एनबीएन)। माड़ा थाना क्षेत्र के बंधौरा निवासी एक महिला के किराना दुकान में एक युवक ने जबरन दुराचार किया है। पुलिस के अनुसार 34 वर्षीय महिला का आरोप है कि 23 अगस्त को दुकान में अकेली थी, तभी रात के 9:30 बजे सुमित गुप्ता निवासी बंधौरा खुल्ला पैसा मांगने के आड़ में अंदर घुसा और जबरन दुराचार किया और जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गया। हिम्मत जुटाते हुये अपने परिजनों को कल बताई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध की है।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करें : सविता

ननि आयुक्त ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा, राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम को बेहतर बनाने के निर्देश

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 अगस्त। ननि आयुक्त सविता प्रधान ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर नगर निगम क्षेत्र में संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों तथा विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा की।

आयुक्त ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि संबंधित विभागीय अधिकारी अपने विभाग से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का तत्परता के साथ निराकरण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि पेयजल, स्वच्छता एवं स्ट्रीट लाइट से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान मिल सके। आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्र में आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए अभियान चलाकर उनका स्टरलाइजेशन कराएं। उन्होंने राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में ट्रैक निर्माण, घास एवं लेवलिंग का कार्य व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने नगरीय क्षेत्र में आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए काउ कैचर की संख्या बढ़ाने तथा स्ट्रीट लाइटों के रख-रखाव के लिए क्रेन की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री संतोष पाण्डेय, उपायुक्त आरपी बैस अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

खेल दिवस पर बैढ़न में साइकिल रैली का आयोजन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 अगस्त। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर युवाओं को खेलों से जोड़ने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे से दूर रहने का संदेश देने के लिए राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम से साइकिल रैली एवं अंडर-17 मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

एसपी सियाज केएम के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। साइकिल रैली को सीएसपी विंध्यनगर हेमंत कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली स्टेडियम से शहर में निकाली गई। इस दौरान सीएसपी ने प्रतिभागियों एवं आमजन को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। रैली के बाद बलियरी-11 और आदित्य-11 के बीच 10 ओवर का क्रिकेट मुकाबला हुआ।

आदित्य-11 ने 61 रन बनाए, जबकि बलियारी-11 लक्ष्य से 24 रन पीछे रह गई। ध्रुव शर्मा को मैन ऑफ द मैच और काजल को बेस्ट बॉलर चुना गया। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. पुष्पराज सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

बैढ़न क्षेत्र में दिन भर छाए रहे बदरा

सिंगरौली 31 अगस्त (एनबीएन)। सोमवार की अल सुबह से ही बैढ़न अंचल में आसमान में काले बादल मड़रा रहे थे, हालांकि इस दौरान ओस जैसे बूंदे बीच-बीच में टपक रही थी। जबकि देवसर-चितरंगी क्षेत्र में बारिश होती रही। दरअसल जिले में देवसर-चितरंगी व सरई इलाके में इन्द्र देवता मेहरवान है। किंतु बैढ़न व आसपास के गांवों में बारिश थमी हुई है, केवल काले बादल मड़रा रहे हैं। सोमवार को भी इसी तरह का नजारा आसमान में दिखा। बीच-बीच में बारिश की फुहारें होती रहीं।

सरई में सहारा पीड़ितों का शक्ति प्रदर्शन, किया बाजार बंद

नवभारत न्यूज

सरई 31 अगस्त। सहारा इंडिया सहित विभिन्न चिटफंड कंपनियों में फंसी जमा पूंजी वापस कराने की मांग को लेकर सरई में चल रहा आंदोलन अब उग्र होता जा रहा है।

गांधी चौक पर जारी क्रमिक अनिश्चितकालीन धरने के छठवें दिन पीड़ित जमाकर्ताओं ने बाजार बंद कराया और विरोध रैली निकालकर प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखीं। प्रदर्शनकारियों ने हमारा पैसा वापस दो और सीआरसीएस पोर्टल की खामियां दूर करो, जैसे नारे लगाते हुए प्रशासन से शीघ्र भुगतान कराने की मांग की। पीड़ितों का आरोप है कि सीआरसीएस सहारा रिफंड पोर्टल पर नाम में मामूली अंतर अथवा बैंक संबंधी विसंगतियों के कारण दावे निरस्त किए जा रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को ऑनलाइन प्रक्रिया में भी परेशानी हो रही है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर भौतिक सत्यापन केंद्र खोलने तथा चिटफंड कंपनियों की संपत्तियां कुर्क कर निवेशकों की राशि लौटाने की मांग की। संयोजक आत्माराम पाठक ने कहा कि राशि वापस मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा।

साक्षरता विशेष जागरूकता अभियान आज से

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 अगस्त। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 1 से 14 सितंबर तक साक्षरता पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार पखवाड़े के दौरान जिले से लेकर ग्राम स्तर तक विभिन्न साक्षरता एवं जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

जिला शिक्षा केन्द्र सिंगरौली के डीपीसी रामलखन शुक्ला ने बताया कि अभियान के दौरान घर-घर जाकर 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के असाक्षरों का चिन्हांकन एवं पंजीयन किया जाएगा। चिन्हांकित असाक्षरों का एनआईएलपी एप पर ऑनलाइन पंजीयन सुनिश्चित करने के साथ उन्हें साक्षरता कक्षाओं से जोड़ा जाएगा। साक्षरता अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए शिक्षक, विद्यार्थी, अक्षर साथी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, एनसीसी, एनएसएस सहित विभिन्न संस्थाओं एवं संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। पखवाड़े के दौरान साक्षरता रैली, नुक्कड़ नाटक, साक्षरता गीत, लोकगीत, दीवार लेखन, निबंध प्रतियोगिता, परिचर्चा एवं संगोष्ठी सहित अनेक गतिविधियां आयोजित किया जाएगा।

भागवत कथा के दूसरे दिन कुंती एवं भीष्म स्तुति का वर्णन

नवभारत न्यूज

अनपरा 31 अगस्त। सीआईपीएल, क्रोमा एवं क्रॉसिंग रिपब्लिक सांस्कृतिक कला संगम समिति द्वारा आयोजित हो रहे श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर व्यास पीठ रामानंदीय वैष्णव आचार्य दासानुदास अवध गोपाल दास महाराज द्वारा भजन एवं आरती से कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को हुआ।

भागवत कथा पंडाल में महाराज के पहुंचते ही समिति की ओर से क्षितिज सिंघल एवं बीपीएस भाटिया ने उनका अभिनंदन किया। भजनोपरांत कथा वाचक व्यास जी महाराज ने भागवत के कुंती स्तुति, भीष्म स्तुति, शुकदेव जी के आगमन की कथा सुनाई।

व्यास महाराज के मुखारविंद से प्रभुजी मेरी सेवा करो स्वीकार, बड़े भाग मानुष तन पावा, हरि मिलते हैं हरि गुण गाने से आदि भजनों का अमृतपान कर समस्त श्रद्धालु भक्ति में लीन हो गए। कार्यक्रम का संयोजन समिति की ओर से क्षितिज सिंघल, बीपीएस भाटिया, मुकेश चंद्र श्रीवास्तव, रवि शर्मा, डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर, विजय गोयल, नीरज मिश्रा, मनोज कुमार शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने की।

जिले में मिलावटी दूध का कारोबार पकड़ा जोर

सिंगरौली 31 अगस्त (एनबीएन)। जिले में मिलावटी दूध का कारोबार काफी तेज पकड़ रहा है। आलम यह है कि मिलावटी दूध बच्चों के लिए जहां एक ओर स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। वहीं खाद्य औषधि विभाग एवं ननि का स्वास्थ्य अमला उदासीन है। जबकि इस बारे में लगातार नागरिको के द्वारा मिलावटी दूध की जांच कर कार्रवाई किये जाने की मांग की जा रही है, किंतु विभागीय अमले की उदासीनता का खामियाजा जिले वासियों को भुगतना पड़ रहा है। नागरिको ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।

सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान सराहनीय : आशुतोष

महीने के आखिरी दिन एनसीएल मुख्यालय समेत परियोजनाओं के 31 कर्मी हुए सेवानिवृत्त

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 अगस्त। एनसीएल से अगस्त माह के अंत में 6 अधिकारी और 25 कर्मचारी सहित कुल 31 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय में सेवानिवृत्त कर्मियों के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्यालय से महाप्रबंधक सामग्री प्रबंधन, ज्ञानेश्वर नाथ महाप्रबंधक उत्खनन, शुभाशीष राय और सहायक पर्यवेक्षक, परिवहन लाइट व्हीकल विभाग, नागेश्वर रजक सेवानिवृत्त हुए।

अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल निदेशक तकनीकी, आशुतोष द्विवेदी, मुख्यालय से महाप्रबंधक एवँ विभागाध्यक्षगण, अधिकारी, कर्मचारी तथा सेवानिवृत कर्मियों के परिजन मौजूद रहे। इस दौरान अपने उद्बोधन में निदेशक तकनीकी, आशुतोष द्विवेदी ने सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान की सराहना की।